मन मेंटल हेल्थ अवेयरनेस एंड नेटवर्किंग समिति द्वारा संचालित गतिविधियों का वार्षिक प्रतिवेदन – वर्ष 2021

वर्ष 2021 में कोरोना महामारी के कारण लंबे समय तक चले लॉकडाउन के दौरान शासन के निर्देशानुसार संस्था द्वारा कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए मन स्पेशल स्कूल एवं नशामुक्ति केंद्र की सेवाऐं लॉकडाउन के कारण बंद रही जो पुनः अक्टूबर 2021 में कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए मन मेंटल हेल्थ अवेयरनेस एंड नेटवर्किंग समिति गुना द्वारा संचालित विकलांग कल्याण, जनस्वास्थ्य, शिक्षा, व्यवसायिक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन एवं सामाजिक कार्यकमों का संचालन किया गया ।

1. **मन्दबुद्धि एवं बहुविकलांगार्थ विशेष शिक्षा :** मन समिति द्वारा मानसिक एवं बहुविकलांगों हेतु विशेष स्कूल के माध्यम से 102 मंदबुद्धि व बहुविकलांगों को नियमित विशेष शिक्षा प्रदान की गई।

2. **परामर्श एवं सहायता :** संस्था में 453 विकलांग बच्चों को समस्याओं के संबंध में नियमित परामर्श दिया गया तथा उन्हें सामाजिक पेंशन, विकलांग प्रमाण पत्र, निरामय बीमा इत्यादि की जानकरी उपलब्ध कराकर संबंधित विभागों के द्वारा सहायता दिलाई।

3. **राष्ट्रीय न्यास की योजनाओं का संचालन :** समिति द्वारा वर्ष 2021 में 03 हितग्राहियों को विधिक संरक्षण प्रमाण पत्र जारी करवाये गये एवं 70 हितग्राही जो की नियमित रूप से संस्था से संपर्क में है निरामय स्वास्थ्य बीमा का पूर्ण लाभ दिलवाया गया।

4. **अभिभावकों को प्रशिक्षण : मानसिक** दिव्यांग बच्चों के अधिकार, सामाजिक सहायता के अंतर्गत अभिभावकों को विकलांगता संबंधी एवं शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया।

5. **शारीरिक मानसिक विकास :** शाला में अध्ययनरत् मानसिक विकलांग बच्चों को खेलकूद का नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया गया, स्पेशल ओलंपिक के विशेष खेल कूदों के माध्यम से शारिरिक विकास मानसिक विकास नियमित योग एवं संगीत चिकित्सा के माध्यम से मानसिक एकाग्रता एवं बौद्धिक विकास बड़ाया जाता है।

6. **शिविरों का आयोजन :** संस्था द्वारा निरंतर रूप से मानसिक बीमारी, नशामुक्ति के लिए सलाह, बुजुर्गों के लिए मनोविकार के लिए परामर्श एवं बच्चों के मनोविकास के लिए 11 शिवरों का आयोजन कर परामर्श दिया गया है।

Sangeeta Singh
सचिव
मन मेन्टल हेल्थ अवेयरनेस एण्ड
नेटवर्किंग समिति, गुना (म.प्र.)

मन समिति की गतिविधियॉ वर्ष 2021

24 फरवरी 2021 : को मन समिति द्वारा मेंटेनिंग हेल्थी लाइफ स्टायल एवं चाइल्ड न्यूट्रिशन के संबंध में वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें गुरूग्राम हरियाणा से आई न्यूट्रिशनिष्ट पूनम सिंह ने अनियमित व असंतुलित खानपान के कारण होने वाली दिव्यांगताओं के बारे में बताया ।

29 सितंबर 2021 : को कलेक्टर जिला गुना द्वारा मन संस्था का विजिट किया गया एवं मन स्पेशल स्कूल में अध्ययनरत मानसिक दिव्यांग बच्चों एवं विशेष शिक्षकों से भेट की एवं संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी ली ।

1 अक्टूबर 2021 : भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा संचालित डी एड स्पेशल एजुकेशन आई डी डी कोर्स मन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन एवं सायक्लोजिकल स्टडीज का निरीक्षण किया गया एवं समस्त व्यवस्थाऐं उचित पाई जाने पर कोर्स संचालन की अनुमति प्रदान की गई।

Sangeeta Singh
सचिव
मन मेन्टल हेल्थ अवेयरनेस एण्ड
नेटवर्किंग समिति, गुना (म.

3 अक्टूबर 2021 : गांधी जयंती के उपलक्ष्य में संस्था द्वारा नशामुक्ति जानरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नशे से प्रभावित परिवारों की 55 महिलाओं ने अपनी समस्या बताई शिविर में मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ आर एस भाटी ने नशे को छुड़ाने के लिए विभिन्न दवाओं मुफ्त उपलब्धता के बारे में जानकारी दी।

10 अक्टूबर 2021 : विश्व मानसिक स्वास्थ दिवस के उपलक्ष्य में मानसिक, आटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही मानसिक दिव्यांग बच्चों के अभिभावक संघ की बैठक का आयोजन किया।

15 नवंबर 2021 : पुलिस विभाग गुना द्वारा नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मन मनोचिकित्सा संस्थान गुना के डॉ आनंद कुमार सिंह क्लीनिकल सायक्लोजिस्ट ने नशा से छुटकारा पाने के लिए मनोवैज्ञानिक थेरेपी इत्यादि कि बारे में बताया।

Sangeeta Singh
सचिव
मन मेन्टल हेल्थ अवेयरनेस एण्ड
नेटवर्किंग समिति